www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

वर्ष-1 अंक-301 सागवाड़ा,शनिवार,23 जुलाई, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818





## मौसम

## 15 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी – डूंगरपुर में दिनभर बूंदाबांदी हुई

**डूंगरपुर।** मौसम विभाग ने राजस्थान के पूर्वी हिस्से में अगले 24 से 48 घंटे के दौरान कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना जताते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।जयपुर मौसम केन्द्र से मिली जानकारी के मुताबिक अगले 24 से 48 घंटे के दौरान दौसा, अलवर, सवाईमाधोपुर, बूंदी, कोटा, बारां, झालावाड़ और अजमेर एरिया में कहीं-कहीं मध्य से भारी बारिश हो सकती है। इसके अलावा पश्चिमी राजस्थान जोधपुर, बीकानेर, झुंझुनूं, चूरू, जैसलमेर ,पाली, भीलवाड़ा में भी कहीं-कहीं अच्छी बारिश होने की संभावना है।

## मुख्यमंत्री कोरोना सहायता योजना, लाभार्थियो को 31 जुलाई तक करवाना होगा सत्यापन, नहीं तो रुक सकता है लाभ

**डूंगरपुर।** जिले में कोरोना संक्रमण से मृत लोगो के पीड़ित परिवारों के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री कोरोना सहायता योजना में अगर लाभार्थियो ने 31 जुलाई तक सत्यापन नहीं करवाया तो उन्हें एक अगस्त से योजना का लाभ मिलना बंद हो सकता है। राज्य सरकार ने योजना के लाभार्थियो का सत्यापान करवाने के निर्देश दिए है। डूंगरपुर जिले में 5 अनाथ बच्चे, 337 विधवा महिलाएं व विधवा महिलाओं के 203 बच्चो को पालनहार के रूप में योजना का लाभ मिल रहा है। प्रदेश में कोरोना संक्रमण के दौरान हजारो लोगो की जान गई। इधर मामले में संवेदनशीलता दिखाते हुए राज्य सरकार ने कोरोना से मृत लोगो के पीड़ित परिवारों के लिए मुख्यमंत्री कोरोना सहायता योजना की शुरुआत की थी। योजना में मृत व्यक्तियो के अनाथ बच्चो व विधवाओ को एक मुश्त राशि व प्रतिमाह पेंशन का प्रावधान किया था। जिसके तहत डूंगरपुर जिले में कोरोना संक्रमण से मृत लोगो के 5 अनाथ बच्चो, 337 विधवा महिलाओं व विधवा महिलाओं के 203 बच्चो को लाभान्वित किया गया है। इधर मुख्यमंत्री कोरोना सहायता योजना को लेकर राज्य सरकार ने सभी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को एक निर्देश जारी किये है। डूंगरपुर जिले के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक अशोक शर्मा ने बताया की सरकार की ओर से 31 जुलाई तक सभी लाभार्थियो को 31 जुलाई तक अपना सत्यापन करवाना होगा। उसके बाद योजना का लाभ आगे भी मिलता रहेगा। वही अगर 31 जुलाई लाभार्थी अपना सत्यापन नहीं करवाते है तो एक अगस्त से योजना का लाभ मिलना बंद हो सकता है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक अशोक शर्मा ने बताया की लाभार्थी अपने नजदीकी ईमित्र या विभाग के ब्लाक स्तरीय कार्यालय पर जाकर अपना सत्यापन करवा सकते है।

## सीमलवाड़ा में हार्डवेयर की दुकान को चोरो ने बनाया निशाना

### 9 हजार 600 की नगदी चोरी, सीसीटीवी केमरे व एलईडी तोड़ी

**सीमलवाड़ा।** जिले के धम्बोला थाना क्षेत्र के सीमलवाडा कस्बे में एसबीआई बैंक के पास बीती रात चोरो ने एक हार्डवेयर की दूकान को अपना निशाना बनाया।

चोर दूकान के शटर का ताला तोड़कर अंदर घुसे और दूकान में से 9 हजार की नगदी चुरा ले गए वही चोरो ने दूकान में लगे सीसीटीवी केमरे व एलईडी भी तोड़ दी। पुलिस ने दूकान मालिक की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डूंगरपुर जिले की धम्बोला थाना पुलिस के अनुसार धम्बोला थाना क्षेत्र के सीमलवाडा कस्बे में एसबीआई बैंक के पास एक हार्डवेयर की दूकान है। दूकान मालिक एजाज पिता इलियास रात को दूकान बंद करके गया था। आज सुबह जब एजाज अपनी दूकान पर पहुंचा तो देखा की दूकान के शटर के ताले टूटे हुए थे।

जिस पर उसने शटर खोला और दूकान में जानकार चेक किया तो दूकान के गल्ले से 9 हजार 600 रुपए की नगदी गायब थी। वही चोरो ने दूकान में लगे सीसीटीवी केमरे व एलईडी भी तोड़ दी थी। जिसके बाद पीड़ित दूकान ने धम्बोला थाना पुलिस को सुचना दी। वही आसपास के दुकानदारों की मौके पर भीड़ जमा हो गई। सुचना पर धम्बोला थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने दुकानदार से घटना की जानकारी ली। वही पुलिस ने दूकान में रखे सीसीटीवी केमरे के डीवीआर को जब्त किया। इधर पुलिस ने दूकान मालिक की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वही सीमलवाडा कस्बे में मेन रोड पर हुई चोरी की वारदात ने धम्बोला थाना पुलिस की रात्रि गश्त की भी पोल खोलकर रख दी है। सीमलवाडा कस्बे में हुई चोरी की वारदात से व्यापारियों में भी पुलिस के प्रति रोष व्याप्त है।

## अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ कार्यवाही, बजरी से भरे 5 ट्रेक्टर जब्त

**डूंगरपुर।** जिले की आसपुर थाना पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ कार्यवाही करते हुए बजरी से भरे 5 ट्रेक्टर जब्त किये है। आसपुर डिप्टी नोपाराम भाकर ने बताया कि एसपी राशि डोगरा के निर्देशन में जिले में अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत बीती रात आसपुर- साबला रोड पर नकेबन्दी की गई थी इस दौरान आसपुर की तरफ से बजरी भरकार्रवा रहे ट्रैक्टरों को रोका गया। पुलिस ने ट्रेक्टर चालको से बजरी परिवहन के दस्तावेज के बारे में पूछा तो चालक दस्तावेज नही दिखा पाए जिस पर पुलिस ने सभी 5 ट्रेक्टर जब्त करते हुए चालको को डिटेन कर लिया। चालको ने बताया कि वे सोम कमला आम्बा बांध से बजरी का अवैध रूप से खनन कर ला रहे थे। डिप्टी नोपाराम ने बताया कि जब्त वाहनों को आसपुर थाना परिसर में रखवाया है। वही कार्यवाही की सूचना खनन विभाग को दे दी है। अब खनन विभाग नियमानुसार वाहन मालिकों से जुर्माना वसूलेगा।

## परीक्षाः महिलाओं के मंगलसूत्र-चूड़ियों से लेकर कंगन तक उतरवाए, घाव पर लगी पट्टी भी खुलवाई

### डूंगरपुर में कड़े बंदोबस्त के साथ REET

**डूंगरपुर।** प्रदेशभर में REET 2022 की पहली पारी की परीक्षा शुरू हो गई है। डूंगरपुर में रीट परीक्षा को लेकर 32 सेंटर बनाए गए थे, जहां सुबह 6 बजे से ही स्टूडेंट पहुंचना शुरू हो गए थे। सभी सेंटर पर सुबह से ही पुलिस जाब्ता तैनात नजर आया। 8.30 बजते ही स्टूडेंट को परीक्षा सेंटर में प्रवेश दिया गया, लेकिन इससे पहले स्टूडेंट की चेकिंग की गई। पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग कतारें लगाई। चेकिंग के दौरान सख्ती दिखाई गई।

महिलाओं और युवतियों के दुपट्टे उतरवा दिए गए और कपड़ों पर लगे बटन तक काट दिए। कई लोगों के घाव पर लगी पट्टी भी खुलवा दी गई, जिससे इससे स्टूडेंट को कई परेशानियों का सामना करना पड़ा।शहर के मॉर्डन स्कूल, एमबी स्कूल, बीएड कॉलेज, गुरुकुल, महारावल स्कूल, किशनलाल गर्ग स्कूल में महिलाओं और युवतियों के दुपट्टे उतरवाकर रखवा दिए। इससे महिलाए और युवतियां थोड़ी नर्वस लगी। चप्पले-जूते, महिलाओं के मंगलसूत्र, चूड़ियां, बालों की क्लिप, साड़ी पिन निकलवा दी गई। कुछ महिलाओं की ड्रेस पर लगे बटन लगे हुए थे, उनको भी कैंची से काट दिया गया।

## राजस्थान में यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में फिर होंगे छात्रसंघ चुनाव

## आज के विद्यार्थी ही देश का भविष्य:गहलोत



**जयपुर।** राजस्थान के लाखों स्टूडेंट्स का इंतजार खत्म हो गया है। प्रदेश में 2 साल बाद एक बार फिर छात्रसंघ चुनाव होने जा रहे हैं। शुक्रवार शाम मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। जिसके बाद NSUI, ABVP समेत सभी छात्र संगठन ने खुशी जाहिर की है। बता दें कि राजस्थान में छात्रसंघ चुनाव राजनीती की पहली सीढी माना जाता रहा है। यहां तक मौजूदा सरकार में भी कई मंत्री और विधायक इसी यूनिवर्सिटी से छात्रसंघ अध्यक्ष का चुनाव जीतकर सक्रीय राजनीती में पहुचे है। लेकिन पिछले 2 सालों से कोरोना के चलते छात्रसंघ चुनाव पर रोक लगने से छात्रनेता चुनाव नहीं लड़ पाए थे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आज के विद्यार्थी ही देश का भविष्य हैं। विद्यार्थी संगठनों की मांग को देखते हुए एवं विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया की समझ बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव करवाने हेतु विभाग को निर्देश दिए गए हैं। सभी विद्यार्थी संगठन संबंधित कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी की गाइडलाइंस की पालना करते हुए उत्साह से चुनावों में भाग लें। मेरी शुभकामनाएं आप सभी के साथ हैं। राजस्थान में छात्रसंघ चुनाव के ऐलान के बाद एनएसयूआई ने खुशी जाहिर की। NSUI के प्रदेश प्रवक्ता रमेश भाटी ने कहा कि पिछले दिनों हस्ढ्ढ के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक चौधरी ने मुख्यमंत्री गहलोत से मिल छात्र संघ चुनाव कराने की मांग की थी। सीएम गहलोत ने युवाओं की मांग को पूरा करते हुए प्रदेश में एक बार फिर चुनाव कराने का फैसला किया है। जो स्वागत योग्य कदम है। ऐसे में हमें उम्मीद है कि इस बार प्रदेशभर में शांतिप्रिय चुनाव होंगे।

जिसमें छात्रों के मुद्दों को उठाने वाले छात्र नेताओं को आगे आने का मौका मिलेगा। वहीं ABVP के राष्ट्रीय मंत्री होशियार मीणा ने कहा कि हमारा संगठन पिछले लंबे वक्त से छात्र संघ चुनाव कराने की मांग कर रहा था। जिसे आखिरकार कांग्रेस सरकार को भी मानना पड़ा है। अब एक बार फिर राजस्थान के छात्रों को अपनी आवाज बुलंद करने का मौका मिलेगा। ऐसे में मुझे उम्मीद है की प्रदेश में छात्र संघ चुनाव के माध्यम से इस गूंगी बहरी सरकार के खिलाफ प्रदेश की युवा एक बार फिर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। दरअसल, कोरोना शुरू होने के बाद जहां क्लासेज और कैंपस दोनों ही छात्रों के लिए बंद हो गए थे। वहां छात्रसंघ चुनावों को भी अनुमति नहीं मिली।

उसके बाद राज्यपाल द्वारा गठित टास्क फोर्स ने भी छात्रसंघ चुनाव नहीं कराने का सुझाव दिया। वहीं दूसरे साल भी चुनाव नही हो सके थे। बता दें कि जयपुर, जोधपुर समेत प्रदेशभर के विश्वविद्यालयों में लाखों छात्र चुनावों से जुड़ते हैं। अकेले राजस्थान राजस्थान यूनिवर्सिटी में ही 28 हजार छात्र वोटर हैं।

## मुख्यमंत्री ने 18वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जंबूरी के पोस्टर का किया विमोचन

### मुख्यमंत्री ने बजट 2022-23 में जंबूरी के आयोजन के लिए की थी घोषणा




**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री निवास पर शनिवार को 18वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जंबूरी के पोस्टर का विमोचन किया। गहलोत को राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के पदाधिकारियों ने आयोजन की तैयारियों से अवगत कराया। राष्ट्रीय जंबूरी 4 से 10 जनवरी 2023 तक पाली जिले के रोहट में आयोजित होगी। राजस्थान को 66 साल बाद पुनः राष्ट्रीय जंबूरी की मेजबानी मिली है। इस अवसर पर राज्य मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य, राज्य आयुक्त (रोवर) निर्मल पंवार, राज्य आयुक्त (शांति एवं अहिंसा) मनीष शर्मा एवं राज्य सचिव डॉ. पी.सी. जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने बजट 2022-23 में जंबूरी के आयोजन के लिए 25 करोड़ रूपये की घोषणा की थी। इस 7 दिवसीय जंबूरी में स्टेट द्वार, पायनियरिंग प्रोजेक्ट, एडवेंचर वैली, ग्लोबल विलेज डवलपमेंट, इंटीग्रेशन गेम्स, मार्च पास्ट, कलर पार्टी, लोक नृत्य, शारीरिक प्रदर्शन, राज्य दिवस प्रदर्शनी, बैंड प्रदर्शन, रॉक क्लाइंबिंग, पैरासेलिंग एवं वाटर एक्टिविटीज़ जैसी कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

इस जंबूरी में 1500 विदेशी सहभागियों सहित लगभग 35 हजार स्काउट व गाइड शामिल होंगे।

## देरी पर प्रवेश से वंचित रहे कई अभ्यर्थी, भड़के खाचरियावास

**जयपुर।** शहर में शनिवार को बारिश के चलते रीट परीक्षा केंद्रों पर कई अभ्यर्थी पहली पारी में तय समय सुबह 9:00 बजे और दूसरी पारी में दोपहर 2:00 बजे नहीं पहुंच पाए. ऐसे अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में दाखिल नहीं होने दिया गया. इस पर कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने सवाल उठाते हुए उन अधिकारियों को आड़े हाथों लिया, जिन्होंने ये नियम बनाया. खाचरियावास ने दो टूक शब्दों में कहा कि अधिकारियों की ड्यूटी नकल रोकने की है ना कि अभ्यर्थियों को रोकने की. किस नियम के तहत अधिकारी ने एग्जाम टाइम से पहले अभ्यर्थियों को रोकने के निर्देश दिए. खाचरियावास ने कहा कि रीट पात्रता परीक्षा में आज बड़ी गड़बड़ हुई. एग्जामिनेशन के रूल्स रेगुलेशन के अनुसार अभ्यर्थी को एक घंटा पहले बुला सकते हैं. लेकिन उसे 10:00 बजे से पहले एग्जाम सेंटर पर घुसने से नहीं रोक सकते. उस महान अधिकारी से जवाब लिया जाएगा, जिसने 9:00 बजे बाद अभ्यर्थी को एग्जाम सेंटर में दाखिल नहीं होने दिया. राजस्थान विश्वविद्यालय एग्जाम के आधे घंटे बाद तक भी परीक्षार्थी को अनुमति देता है. इसमें अभ्यर्थी का समय कम हो रहा है, अधिकारी को क्या तकलीफ हो रही है गाइडलाइन के तहत परीक्षार्थियों को मिली एंट्री, सेंटर के बाहर दुपट्टा, मौली-धागा तक उतरवाया खाचरियावास बोले सीएम से करेंगे बात: उन्होंने कहा कि बरसात में दिक्कत हो गई. अधिकारी हैं कौन अभ्यर्थियों को रोकने वाले. इस संबंध में उन्होंने कलेक्टर से लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के प्रधान सचिव कुलदीप रांका से भी बात की. खाचरियावास ने बताया कि उनके पास भी अभ्यर्थियों के फोन आए. कई परीक्षा केंद्रों के बाहर अभ्यर्थी रोते रहे. फिर भी उन्हें अनुमति नहीं दी. उन्होंने सवाल किया कि आखिर ये किस अधिकारी का आदेश था, इस संबंध में पहले शिक्षा मंत्री और फिर मुख्यमंत्री से बात की जाएगी।

## REET में डमी के साथ असली अभ्यर्थी पकड़ा, जयपुर में एग्जाम देने पहुंचा था, जोधपुर में 3 गिरफ्तार, एंट्री नहीं मिलने पर फूट-फूटकर रोए कैंडिडेट्स

**जयपुर।** कड़े सुरक्षा इंतजाम के बीच राजस्थान में रीट की पहली पारी और दूसरी पारी के पहले चरण की परीक्षा शनिवार को खत्म हो गई है। नकल और पेपर लीक को रोकने के लिए पुलिस की सेंटर्स के साथ उसके आसपास के एरिया में भी कड़ी नजर रही, लेकिन तमाम कोशिशों के बाद भी जोधपुर, जयपुर में फर्जी कैंडिडेट्स सेंटरों तक पहुंचने में कामयाब रहे। हालांकि, एग्जाम खत्म होने से पहले इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं, बीकानेर पुलिस ने दो ऐसे युवकों को पकड़ा है, जो सेंटर में मौजूद कैंडिडेट को नकल करवाने के प्रयास में थे। इनके पास से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस भी जब्त किए गए हैं। इधर, परीक्षा में 5 मिनट की देरी पर भी सेंटर



पर एंट्री नहीं दी गई। कहीं बोर्ड ने गलती से प्रवेश पत्र में एड्रेस गलत लिखा, कहीं मौसम ने रास्ता रोका तो कहीं बच्चों को संभालने में अभ्यर्थी अपने सेंटर से चंद कदम की दूरी पर रह गईं। एंट्री नहीं मिलने पर कई महिला अभ्यर्थी फूट-फूटकर रोने लगीं। कोई गेट पर मौजूद स्टाफ से गुहार लगाती रही तो कोई पुलिसवालों के पैर पकड़ने लगी। कई साल की मेहनत और कई तरह की चुनौतियों के बाद परीक्षा के वक्त चंद मिनट की देरी ने सपनों पर पानी फेर दिया। जयपुर में एग्जाम में बैठे डमी कैंडिडेट और असली अभ्यर्थी को शनिवार शाम गिरफ्तार किया है। वैशाली नगर इलाके में स्थित एग्जाम सेंटर से दोनों को पकड़ा है। गिरफ्तार आरोपियों से वैशाली नगर थाना पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस शुरुआती जांच में REET एग्जाम में लाखों रुपए में पेपर देने का सौदा होना मान रही है। एडिशनल डीसीपी (वेस्ट) रामसिंह ने बताया कि डमी कैंडिडेट विक्रम सिंह (30) निवासी जेसला बाप जोधपुर और असल अभ्यर्थी ओमप्रकाश (28) निवासी पेनामा झाग जालोर को गिरफ्तार किया गया है। शनिवार सुबह लेवल-फर्स्ट की एग्जाम था। राजेन्द्र नगर वैशाली नगर स्थित आदर्श बालिका हायर सेकेंडरी स्कूल में एग्जाम का सेंटर था। एग्जाम देने से पहले एडमिट कार्ड की जांच की गई। डाउनलोड एडमिट कार्ड की ऑफिस कॉपी में लगी फोटो का मूल फॉर्म फोटो से मिलान नहीं होने पर शक हुआ।